




# नो पार्किंग जोन नहीं बन सका मेडिकल रोड

## एक पखवाड़े पहले कलेक्टर ने दिए थे निर्देश, उपरोक्त मार्ग को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में करना था विकसित

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी के एसआर-1 तिली तिराहा से तीन मढ़िया के बीच मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय रोड पर आवागमन को सुगम और सुचारु बनाने के उद्देश्य से नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था. साथ ही उपरोक्त मार्ग को ग्रीन कॉरिडोर के रुप में विकसित किया जाना था मगर कलेक्टर के निर्देश के एक पखवाड़े के बाद भी स्थितियां ज्यों की त्यों बनी हुई हैं.**



मालूम हो कि ऐलिवेटेड कॉरिडोर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति से जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज रोड पर मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और समय पर अस्पताल पहुंचकर इलाज करा सकें. इस उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा उपरोक्त मार्ग को नो पार्किंग जोन बनाने के निर्देश दिए थे. साथ ही इमरजेंसी सेवाओं में लगे वाहनों को गंतव्य तक शीघ्रता के साथ पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर के रुप में विकसित किया जाना है. मगर उपरोक्त मार्ग पर पाथवे और फुटपाथ पर अघोषित रुप से पार्किंग संचालित होने से वाहनों की आवाजाही में आज भी परेशानी सामने आ रही है तो वहीं उपरोक्त क्षेत्र में नर्सिंग होम, रेस्टोरेंट, स्वास्थ्य संबंधी जांचों के लिए बने केंद्र सहित अन्य शासकीय अर्ध शासकीय बैंक संचालित हो रहे हैं. किसी भी प्रतिष्ठान के पास स्वंय के पार्किंग स्थल न होने के कारण सड़क पर ही वाहन खड़े नजर आते हैं. तो वहीं छोटे तालाब के किनारे आमजन की सुविधा के लिए बनाए गए पाथवे फुटपाथ दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग बन गए हैं. साथ ही शनिवार और रविवार को अवकाश के दिनों में उपरोक्त मार्ग पर ही सड़क किनारे स्कूल बसों की पार्किंग भी नजर आ जाती है. तो वहीं सड़क किनारे ही रेस्टोरेंट के आगे संचालित हो रहीं चौपाटियों से भी मार्ग पर आवागमन अवरुद्ध बना रहता है. सड़क पर खड़े वाहनों से इमरजेंसी सेवाओं में लगी गाड़ियां, हूटर बचाती नजर आती रहती हैं.

### बीएमसी गेट के सामने ऑटो-आपे का जमावड़ा

बीएमसी गेट के सामने ऑटो-आपे, ई-रिक्शा का जमावड़ा दिन भर देखा जा सकता है. सड़क पर खड़े नगर सेवा के नाम पर संचालित हो रहे वाहन आवागमन को अवरुद्ध बनाते हैं तो वहीं भारी वाहनों की आवाजाही पर भी रोक नहीं लग पा रही है. मार्ग पर दिन भर डंपर दौड़ते नजर आ सकते हैं तो वहीं डिवाइडर के बीच में निकलने के लिए छोड़े गए रास्ते पर ऑटो-आपे के अलावा प्रतिष्ठानों के चार पहिया वाहन भी खड़े नजर आते हैं. यातायात पुलिस भी क्या करे, अधिकतम चालानी कार्रवाई ही कर सकती है, उसके बाद तो ज्यों की त्यों स्थिति बनती है.

# शिकायत पर पैथालॉजी लैब हुई सील

## जाँच रिपोर्ट में प्लेटलेट्स काउंट में गड़बड़ी पाई गई, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**बंडा 21 अगस्त. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर के बरा चौराहा पर संचालित हो रही लैब को सील किया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दरअसल विगत दिनों ग्राम कांटी निवासी ब्रज सिंह लोधी अपनी पुत्री का स्वास्थ्य खराब होने पर आर के पैथोलॉजी लैब पर पहुँचे. जहाँ जांच करने पर 19 हजार प्लेटलेटस काउंट प्राप्त हुए, इलाज के लिए परिजन लड़की को सागर लेकर पहुँचे. जहाँ डॉक्टर ने फिर से जांच करवाई, जाँच रिपोर्ट में प्लेटलेट्स काउंट 248000 आये. तब जांच रिपोर्ट देखने के बाद चिकित्सक ने बताया की घबराने की कोई बात नहीं है. जिसके बाद बच्ची के पिता ब्रज सिंह लोधी ने इसकी शिकायत की.



शिकायत पर सीएमएचओ ममता तिमोरी के निर्देश पर जांच के लिए प्रभारी बीएमओ डॉ. प्रदीप सरवरिया टीम के साथ आर के पैथोलॉजी लैब पहुँचे, जहाँ उपलब्ध मशीनों और अन्य वस्तुओ की जांच की गई. माइक्रो पिपेड, रिकॉर्ड रजिस्टर, सेम्पिल वाइल जब्त किया गया, वहीं जिस मशीन से मरीज की जांच की गई थी. वह मशीन संचालक द्वारा टेस्टिंग के लिए भोपाल भेज दी गई जिसके कारण उसे जब्त नहीं किया जा सका. वहीं संचालक द्वारा बड़ी लापरवाही की गई की. बताया गया कि किसी भी डॉक्टर की निगरानी में यह लैब संचालित नहीं की जा रही थी, जब्ती एवं पंचनामा की कार्यवाही के बाद लैब को सील किया गया.

## एक नजर में



### लवकुश जन्मोत्सव चल समारोह का आमंत्रण

**सागर.** लवकुश जन्म उत्सव एवं चल समारोह का आयोजन कुशवाहा समाज द्वारा 24 अगस्त को किया जा रहा है. कुशवाहा एवं पटेल समाज के पदाधिकारियों ने खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निज निवास मातेश्वरी पहुंचकर उन्हें कार्यक्रम की जानकारी दी एवं सम्मिलित होने आमंत्रित किया. शोभायात्रा रविवार 24 अगस्त को सुबह 10 बजे से श्री राम जानकी करीला धाम मंदिर परिसर राजीव नगर वार्ड से निकाली जाएगी. इस दौरान प्रभुदयाल कुशवाहा, आरएस पटेल, डालचंद कुशवाहा, राजकुमार पटेल, प्रहलाद पटेल, शंकर पटेल, राजेश पटेल, कन्हई पहलवान मौजूद रहे.



### जनधन खातों की री-केवाईसी कराई गई

**बांदरी.** एसबीआई के तत्वावधान में जनधन खातों की री-केवाईसी कराने शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सौ खाताधारियों के खातों की केवाईसी कराई गई. 30 सितंबर तक अलग-अलग स्थानों में कैंप लगाकर केवाईसी कराई जाएगी. भोपाल डीजीएम अजीत सिंह ने बताया कि सभी खाताधारको की 30 सितंबर तक केवाईसी कराना अनिवार्य है ताकि किसी भी खाताधारक का खाता बंद न हो. शिविर में रीजनल मैनेजर सुनील सिंह, एफआई मैनेजर मुकेश कोरी, ब्रांच मैनेजर भावेश कुमार झा प्रफुल्ल रिछारिया, हरि सिंह लोधी आलोक सिंह ठाकुर, कप्तान सिंह लोधी, नरेंद्र लोधी, हेमंत भट्ट, निखलेश जैन, पंचम सिंह लोधी, दिनेश सिंह लोधी, नीतेश राय, संदीप साहू, रविंद्र लोधी, ओमकार लोधी आदि उपस्थित रहे.



### सेंट्रल स्कूल के बच्चे हुए सम्मानित

**रहली.** नगर पालिका परिषद अनेक वर्षों से शासकीय अशासकीय विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्य करती है. इस वर्ष भी नगर पालिका द्वारा बच्चों को विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था. सेंट्रल स्कूल नगर से दूर होने के कारण उसे दिन बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकी थे. गुरुकुल सेंट्रल हायर सेकेंडरी स्कूल के 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 75 विद्यार्थियों को नपा कार्यालय में अध्यक्ष देवराज सोनी, सीएमओ अजय गुमास्ता एवं पार्षद प्रतिनिधियों ने बैग शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया.



### ग्रामीणों ने कचरा डंप नहीं करने दिया

**बीना.** कचरा प्रबंधन को लेकर ग्रामीणों और पुलिस के बीच विवाद हो गया. एसडीएम विजय डेहरिया पुलिस बल के साथ कचरा गाड़ियों को डिस्पोजल स्टेशन ले जा रहे थे. इस दौरान रास्ते में महिलाओं ने काफिले को रोक लिया. घटना में ग्रामीण सुरेंद्र ठाकुर और टीआई अनूप यादव के बीच बहस हुई. टीआई ने सुरेंद्र को पुलिस गाड़ी में बैठाने की कोशिश की. लेकिन महिलाओं ने इसका विरोध किया. टीआई अनूप यादव ने कहा कि वे केवल अपनी ड्यूटी कर रहे थे, समस्या का नहीं निकला समाधान एसडीएम और सीएमओ विनय मिश्रा ने स्थिति को शांत करने का प्रयास किया. ग्रामीणों का कहना है कि 6 महीने से कचरा नहीं उठा है, नए कचरा डंप के लिए जगह की तलाश कर रही है. कुरुवा में समस्या का समाधान नहीं हुआ है.

# अतिक्रमण हटाने के निर्देश



नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. मकरोनिया चौराहे पर यातायात जाम की स्थिति को देखते हुए मकरोनिया चौराहे पर चारों ओर रोडो का निरीक्षण किया एवं यातायात को प्रभावित कर रहे अतिक्रमण हटाने निर्देश दिए.**

इस दौरान नगर पालिका परिषद मकरोनिया अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, तहसीलदार संदीप तिवारी, सीएमओ पवन कुमार शर्मा ने सभी दुकानदारों प्रतिष्ठानों मॉल संचालक को निर्देशित किया कि वह प्रतिष्ठान पर उचित पार्किंग व्यवस्था रखें एवं गाड़ियों को व्यवस्थित लगावे जिससे कि जाम की स्थिति ना हो.

# विधान के समापन पर शोभायात्रा निकली

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. वर्णी कॉलोनी में आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान के समापन पर श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई.**

इसके पूर्व 1024 अर्घ्य चढ़ने के बाद सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन हो गया. मुनिश्री विमल सागर महाराज ससंघ 22 अगस्त को वर्णी कॉलोनी में ही विराजमान रहेंगे. मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया मनीष जैन सुरेंद्र जैन सटटू कर्रापुर के द्वारा इस विधान का आयोजन किया गया था.

जानकारी के अनुसार 8 दिन चले विधान में जो भी नगद राशि दानदाताओं ने दी वह सर्वतोभद्र जिनालय के निर्माण कार्य में जमा करा दी गई है. इस अवसर पर मुनिश्री विमल सागर महाराज ने कहा भाग्योदय की पावन भूमि के बाद यह तीसरा विधान है गुरुदेव के प्रति जो भक्ति सागर वालों की रहती है उससे ही शक्ति बढ़ती जाती है. मंदिरों में हमेशा धार्मिक अनुष्ठान उत्सव होते रहना चाहिए इससे मंदिर सुशोभित होते हैं और शोभा भी बढ़ती जाती है, विशुद्धी के साथ कार्यक्रम होने से उसका पुण्य पूरी समाज को प्राप्त होता है. मुनि श्री ने कहा अपने जीवन में आलस्य और प्रमाद को त्याग दो यह दोनों आपके शत्रु हैं आलस्य को छोड़कर आगे बढ़ो और सम्यक दर्शन प्राप्त करो शक्ति बढ़ाते हुए मनुष्य जीवन में संयम धारण करना चाहिए. मुनिश्री ने कहा कि नशीले पदार्थों, अंडा, मांस, मछली, शराब नहीं का सेवन नहीं करना चाहिए इनका त्याग करें हनी, अंजीर, संकल्प हिंसा का त्याग होना चाहिए देव दर्शन का प्रतिदिन का नियम होना चाहिए रात्रि भोजन त्यागना चाहिए नहीं तो दुर्गति सुनिश्चित है.

### सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक 24 को

**सागर.** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा के तत्वाधान में 4 और 5 अक्टूबर को सागर में आयोजित जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक 24 अगस्त को दोपहर में गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर हाल में रखी गई है. महासभा के महामंत्री चक्रेश शास्त्री ने बताया कि विवाह योग्य युवक-युवतियों की जानकारी पर केंद्रित पत्रिका संस्कार में प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है. बैठक में संयोजक मंडल के चयन के साथ समितियों के गठन पर विचार होगा.

# त्रिदिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**रहली 21 अगस्त. मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा का शुभारंभ सांदीपनि विद्यालय के उत्कृष्ट सभागार में किया गया.**



कार्यक्रम पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद अमित नायक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. छात्राओं आरुषि यशिका एवं प्रिया ने सरस्वती वंदना का गायन किया. विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी सुधीर यादव एवं जनरल मैनेजर सलामत खान द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम में पार्षद अमित नायक, जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय दादर, सहायक संचालक स्वाति दुबे, शिवशंकर रैकवार, सुधीर यादव, कमलेश दुबे, श्यामाचरण कुर्मी ने संबोधित किया.

प्रतिवेदन सांदीपनि विद्यालय रहली प्राचार्य एवं संगठन सचिव दिलीप चौबे द्वारा प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में प्राचार्य विजय पचौरी, विकासखंड स्रोत समन्वयक आरडी अहिरवार, विकासखंड शिक्षा आहरण संवितरण अधिकारी हेमराज कोरी, सांदीपनि विद्यालय माध्यमिक विंग प्रभारी संजय खरे, शिक्षक यतेंद्र समाधिया, सचिंद्र शुक्ला, जनरल मैनेजर छतरपुर पंकज शुक्ला, पन्ना से एटस लारेंस, प्रेमनारायण साधक, रामकिशोर शर्मा एवं निवाड़ी से आशीष खरे उपस्थित थे. संचालन शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर एवं आभार सलामत खान ने माना.

### आरोपी गिरफ्तार

**सागर.** जिला चिकित्सालय से चोरी हुई मोटर साइकिल पुलिस ने पुलिस कंट्रोल रूम सीसीटीवी और स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम की मदद बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी लीलाधर साहू निवासी ग्राम गुरैया थाना सुरखी जिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह जिला चिकित्सालय में लैब टेक्निशियन पद पर पदस्थ है. वह मोटर साइकिल एमपी 15 एमक्यू 7338 जिला चिकित्सालय परिसर में पार्क कर ड्यूटी करने गए थे. जब वे ड्यूटी के बाद बाहर आए तो देखा कि उनकी मोटर साइकिल पार्किंग से चोरी हो चुकी थी.

# जैन समाज में आक्रोश व्याप्त



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 21 अगस्त. जैन समाज में आक्रोश फूट पड़ा जब सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेशों में जैन संतों के प्रति कथित तौर पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया.**

इन संदेशों के व्हाट्सएप ग्रुप्स में वायरल होते ही समाज के लोगों ने इसे संतों व आस्था पर सीधा प्रहार मानते हुए प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग उठाई. समाज के सदस्यों ने ज्ञापन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को सौंपा. अशांति फैलाने वालों पर आईटी, बीएनएस के तहत कार्रवाई हो.



# स्वास्थ्य एवं जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. फॉग्सी सागर शाखा के तत्वावधान में आट्र्स एंड कॉमर्स कॉलेज में महिला स्वास्थ्य एवं जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

### छात्राओं से समाज व राष्ट्र की सेवा करने का आव्हान

प्राचार्य डा.सरोज गुप्ता ने छात्राओं को स्वास्थ्य और शिक्षा में सतत् जागरूक रहकर परिवार, समाज व राष्ट्र की सेवा करने की बात कही. कार्यक्रम की शुरुआत वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान से हुई. डॉ. ज्योति चौहान ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के महत्व पर प्रकाश डाला.

एसवीएन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्तनपान पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम का एक और आकर्षक हिस्सा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर टीकाकरण पर आधारित रोल प्ले रहा, जिसे डॉ. ज्योति चौहान, डॉ. स्मिता दुबे और डॉ. दुर्गा अग्रवाल ने प्रस्तुत किया. प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने आभार माना.

### विद्योदय तीर्थ में विधान

**सागर.** भाग्योदय तीर्थ के आगे खुरई रोड पर स्थित भाग्योदय तीर्थ की जमीन जो अब तक 25 एकड़ के नाम से जानी जाती थी उस जमीन पर मुनिश्री क्षमासागर महाराज की समाधि स्थल भी है. 25 एकड़ भूमि का नामकरण मुनिश्री विमल सागर महाराज के मुखारविंद से वर्णी कॉलोनी में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान के दौरान घोषित किया. नामकरण की बोली सहस्त्रकूट जिनालय के निर्माणकर्ता परिवार प्रेमचंद जैन उपकार एजेंसी ने 1 कलश 1 श्रीफल की राशि देकर बोली अर्जित की. परिसर का नाम विद्योदय तीर्थ रखा गया है अब उस जमीन को इसी नाम से सभी जगह जाना जाएगा. मुनि संघ के सानिध्य में विश्व के इतिहास में पहली बार 720 समोशरण विधान का आयोजन 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक होने जा रहा है.

# बगैर लायसेंस संचालित दुकानों पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. नगर निगम सीमा क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा नियमानुसार लायसेंस न बनवाने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई तहत सहायक आयुक्त एवं बाजार शाखा प्रभारी आनंद मंगल गुरु के नेतृत्व में नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी व्यापारियों को व्यापार लायसेंस न बनवाने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई के दौरान अन्य दुकानों पर स्पाट पर लायसेंस बनाए जाने की कार्रवाई कर 3 लाख से अधिक राशि जमा कराई गई.**

बताया गया कि नगर निगम की टीम द्वारा लायसेंस न बनवाने वाले शहर के कोचिंग सेंटर, स्कूल एवं अन्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी.



सहायक आयुक्त एवं बाजार प्रभारी श्री गुरु ने बताया कि शासन ने स्कूल, कालेज, होटल, ज्वेलर्स, सभी खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले, लाज,किराना, जनरल स्टोर,फल व सब्जी विक्रेता, कूलर, पंखा सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान विक्रेता, ट्रांसपोर्ट, रेडीमेड गारमेंट्स,फैक्ट्री,वाहन शोरूम, अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, मेडिकल स्टोर ,बिल्डर्स,भवन निर्माण सामग्री विक्रेता सहित सभी व्यापारियों को लायसेंस लेना अनिवार्य किया है. राज्य सरकार द्वारा नगर पालिक निगम क्षेत्र की सीमाओं के भीतर कोई भी व्यापार करने के विनियमन के लिये नियम बनाये गये हैं है जिसमें व्यापार करने वाले सभी व्यक्तियों के लिये अनुज्ञप्ति (लायसेंस) को आवेदन करना अनिवार्य किया गया था, जिसमें स्थानीय परिस्थिति पर निर्भर करते हुये सड़कों की चौड़ाई या स्थान जहॉं व्यापार परिसर स्थित है, के आधार पर उन क्षेत्रों को वर्गीकृत करेगी.

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

**सागर 21 अगस्त. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रशासनिक भवन, वाणिज्य विभाग, इंजीनियरिंग विभाग में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई.**

इसी तरह 22 अगस्त को स्लोगन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. 23 अगस्त को सामुदायिक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा. 23-24 को बालक तथा कन्या छात्रावासो में निबंध भाषण एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा.




25 अगस्त को आयोजित मुख्य समारोह में पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक एवं जिंगल-गीत प्रदर्शन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा. इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा. नशा मुक्त अभियान के तहत दिलाई गई शपथ कार्यक्रम पर प्रॉक्टर प्रो. चंदा बेन, प्रो. रणवीर सिंह, प्रो. आशीष वर्मा, डॉ. अभिषेक बंसल, कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय, सतीश कुमार, संतोष सहगौरा, डॉ. सुरेन्द्र गादेवार, सुरक्षा अधिकारी प्रो. राजेंद्र यादव, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. संजय शर्मा उपस्थित रहे. 25 अगस्त को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार होंगे.



### आशुतोष का सुयश

**ललितपुर.** तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पठा विजयपुरा निवासी आशुतोष दीक्षित ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है. आशुतोष ने परीक्षा में 531 अंक प्राप्त कर 98.93 परसेंटाइल हासिल किया. आशुतोष ग्राम पठा विजयपुरा निवासी श्रीमती चन्द्रकुमारी एवं श्रीप्रकाश दीक्षित (सेवानिवृत्त शिक्षक) के पौत्र तथा श्रीमती दीपा एवं अधिवक्ता अखिलेश दीक्षित के सुपुत्र हैं.


## सुदर्शन डिग्री कॉलेज, बांसी, ललितपुर

## आवश्यकता है प्रवक्ताओं की

1. बी.एस.सी. कृषि : 10 पद,
2. बी.ए. : हिंदी साहित्य, समाजशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र,
3. बी.कॉम. : 02 पद
4. बी.एड. : 10 पद
5. एम.ए. समाजशास्त्र : 01 पद, हिंदी : 01 पद
6. डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) : 08 पद (विभागाध्यक्ष सहित)
7. कम्प्यूटर ऑपरेटर : 01 पद

नोट : यू.जी.सी./ए.एस.आर.बी./परीक्षा नियामक प्राधिकारी के मानकानुसार अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशित होने के 07 दिनों के अंदर समस्त मूल दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति कार्यालय में जमा करें।

प्रबंधक 7007822107

प्राचार्य 9415057909